नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

हिंदी विश्वविद्यालय में 1 से 15 तक स्वच्छता पखवाड़ा

वर्धा, दि. 30 अगस्त 2018 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तत्वावधान में 01 सितंबर से 15 सितंबर 2018 तक 'स्वच्छता पखवाड़ा' का आयोजन किया जा रहा है। 01 सितंबर को गांधी हिल्स पर कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र की अध्यक्षता में स्वच्छता की शपथ ग्रहण की जाएगी। 03 सितंबर को जनसंचार विभाग में स्वच्छता व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा। 04 सितंबर को विश्वविद्यालय के संपूर्ण छात्रावासों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 05 सितंबर को विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' विषय पर निबंध प्रतियोगिता होगी । 06 सितंबर को पिपरी गांव का शैक्षणिक भ्रमण किया जाएगा और परिसर में स्वच्छता की जाएगी । 07 सितंबर को नजीर हाट से गांधी हिल्स तक स्वच्छता की जाएगी। 10 सितंबर को केंद्रीय विद्यालय के बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई है। 11 सितंबर को प्रदर्शनकारी कला विभाग में 'स्वच्छ भारत के प्रति मेरा योगदान' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता होगी। 12 सितंबर को गुर्रम जाशुआ सभागार में 'स्वच्छ भारत : भविष्य का भारत' विषय भाषण प्रतियोगिता होगी। 14 सितंबर को गालिब सभागार में 'स्वच्छता के प्रति जागरूकता' विषय पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण किया जाएगा। 14 को सायं 4 बजे गालिब सभागार में पुरस्कार वितरण तथा समापन होगा। प्रतियोगिताओं के लिए पुरस्कार प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार दिए जाएंगे। कार्यक्रमों का दायित्व डॉ. अख्तर आलम, राजेश लेहकपुरे, ऋषभ कुमार मिश्र, डॉ. शिवसिंह बघेल, डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी, डॉ. सतीश पावडे, बी. एस. मिरगे, संदीप वर्मा, डॉ. सुप्रिया पाठक, डॉ. अवंतिका शुक्ला, डॉ. गयासुद्दीन खान, डॉ. हिमांशु नारायण, डॉ. सुरभि विप्लव, डॉ. अभिषेक सिंह, राजदीप राठौर संभालेंगे। उक्त आयोजनों में सहभागिता करने की अपील विश्वविद्यालय द्वारा की गयी है।